an>

Title: Need to provide more transport facilities at Matheran hill station in Pune for the benefit of tourists.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र में माथेरान नामक हिल स्टेशन है, जो कि ब्रिटिश काल से प्रसिद्ध है। यहां हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं, जिससे देश को आर्थिक लाभ मिलता है। पर्यावरण विभाग ने शुरू से ही इस क्षेत्र को इको-सेंसिटिव ज़ोन घोषित किया हुओ है। महोदया, यहां पर माथेरान नगर परिषद् भी है। बीते कई वर्षों से यहां रह रहे नागरिक इस समस्या से जूझ रहे हैं। यहां ब्रिटिश काल से मिनी ट्रेन चल रही है। कोई और साधन नहीं होने के कारण यहां आने वाले पर्यटक आने-जाने के लिए इस ट्रेन का उपयोग करते हैं तथा पर्यटकों को पूर्ण रूप से इस मिनी ट्रेन और घोड़ों पर निर्भर रहना पड़ता है। बारिश या कई अन्य कारणों से यह मिनी ट्रेन कई बार बंद कर दी जाती है, जिससे यहां आने-जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूँ कि सरकार इस विषय पर ध्यान दे और माथेरान हिल स्टेशन में पर्यटकों के अवागमन हेतु सीएनजी वाहनों या बैटरी वाहनों की अनुमति प्रदान करे और इस क्षेत्र में रोप-वे की व्यवस्था करे। यदि ऐसा होता है तो निश्चित रूप से सरकार को और अधिक आर्थिक लाभ मिलेगा और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. संजय जायसवाल - उपस्थित नहीं।

श्रीमती भावना पुंडलिकराव गवली - उपस्थित नहीं।

श्री विक्रम उसेंडी।